अनुशासन, कठिन परिश्रम सफलता का आधार

सम्मान समारोह में होनहार खिलाड़ी विवेक सागर ने बताए सफलता के गुर

भोपाल । अनुशासन, कठिन परिश्रम और सम्मान। सिर्फ हॉकी ही नहीं, किसी भी क्षेत्र में सफलता के ये तीन ही सूत्र हैं। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा एवं होनहार सदस्य विवेक सागर ने अपने सम्मान समारोह में में यह मंत्र दिए। समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकार की ओर से एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि विवेक सागर को प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधराराजे सिंधिया और खेल जगत से जुड़ी हस्तियां भी इस अवसर पर मौजूद थीं। ओलंपिक में शामिल होने के बाद पहली बार यहां आए राज्य के होशंगाबाद जिले के इटारसी निवासी 21 वर्षीय विवेक सागर ने कहा कि अनुशासन के बगैर सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती है। अनुशासन सिर्फ मैदान में ही नहीं, किसी भी व्यक्ति के जीवन में आवश्यक है। मैदान में तो खिलाड़ी कुछ ही घंटे रहता है, इसलिए उसे अपने जीवन में अनुशासन को महत्वपूर्ण अंग बनाना चाहिए। विवेक ने कहा कि इसके अलावा कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। किसी भी क्षेत्र में लगातार कठिन परिश्रम की दम पर आगे बढ़ा जा सकता है। इसी तरह सभी को सम्मान देना भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विवेक के अनुसार वे अपनी हॉकी और खेल से जुड़े सभी लोगों और वस्तुओं का सम्मान करते हैं। इन तीनों की बदौलत ही वे आगे बढ़े हैं। विवेक सागर ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास भी आवश्यक है। आगे बढ़ने का जज्बा होना चाहिए। हमारी जो भी योग्यता है, उसे श्रेष्ठतम बनाने का प्रयास करना चाहिए।

खुद की योग्यता पर करें भरोसा

युवा हॉकी खिलाड़ी ने यूरोपियन खिलाड़ियों की तुलना में उनके छोटे कद का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें अपनी योग्यता पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इस तरह की चीज कभी भी हावी नहीं होने दी। जूनियर इंडियन हॉकी टीम की कप्तानी कर चुके विवेक सागर ने कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ियों से कहा कि वे भी इसी तरह सफलता हासिल कर सकते हैं। वे सब पूर्ण विश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। विवेक ने बताया कि वे स्वयं एक छोटे से गांव और सामान्य परिवार से आते हैं। विवेक अपने शुरूआती दौर के प्रशिक्षकों का स्मरण करना भी नहीं भूले और उनके समेत सभी का शुक्रिया अदा किया।

अगली बार मैडल का कलर चेंज करना चाहेंगे

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मजबूत स्तंभ विवेक सागर ने कहा कि निश्चित ही अगली बार हम मैडल का कलर परिवर्तित करना चाहेंगे। मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के इटारसी निवासी विवेक सागर नियमित विमान सेवा से सुबह भोपाल पहुंचे। हवाईअड्डे पर राज्य की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधराराजे सिंधिया, विभाग के संचालक पवन जैन और अन्य खेल प्रेमियों ने विवेक सागर का शानदार तरीके से स्वागत किया। मीडिया से चर्चा में विवेक ने कहा कि निश्चित ही हम मैडल का कलर चेंज करना चाहेंगे। विवेक सागर ने कहा कि देशवासियों की हमसे काफी अपेक्षाएं थीं और टीम सदस्यों ने और अधिक विश्वास के साथ बेहतर से बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया। इस अवसर पर राज्य की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती सिंधिया ने विवेक सागर का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि विवेक ने शानदार शुरूआत की है। वे राज्य के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगे।

नीरज की वर्ल्ड रैंकिंग में लंबी छलांग , हासिल किया दूसरा स्थान

मुंबई। टोक्यो ओलंपिक भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक ने भारत के नीरज चोपड़ा को नवीनतम विश्व एथलेटिक्स रैंकिंग में 14 स्थान की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। चोपड़ा, जिन्होंने शनिवार को टोक्यो में 87.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था, जर्मनी के जोहान्स वेटर से 1395 अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। 1396 अंकों के साथ शीर्ष क्रम के जर्मन वेटर टोक्यो में फाइनल में विफल रहे और नौवें स्थान पर रहे। पोलैंड के मार्सिन क्रुकोवस्की 1302 अंकों के साथ तीसरे जबकि टोक्यो में रजत पदक जीतने वाले चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज 1298 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर 1291 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। चोपड़ा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।

मेसी एक बार फिर से जीतना चाहते हैं चैंपियंस लीग

मेसी ने आखिरी बार 2015 में जीती थी लीग

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा कि वह अपनी नई टीम पेरिस सेंट जर्मेन पीएसजी के साथ चैंपियंस लीग जीतने का सपना देख रहें हैं। 34 साल मेसी ने अपनी पूर्व टीम बार्सिलोना के साथ चार चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं।

मेसी ने बार्सिलोना के साथ आखिरी चैंपियंस लीग खिताब 2015 में जीता था। पीएसजी अभी भी अपने पहले खिताब के खोज में है। 2020 के उसे फाइनल में बायर्न म्यूनिख से हार का सामना करना पड़ा था। मेसी ने कहा, मेरा लक्ष्य और मेरा सपना है कि मैं एक बार फिर चैंपियंस लीग जीतूं। मुझे लगता है कि हमारे पास इसे करने के लिए टीम है। मेसी ने पीएसजी के साथ दो साल का करार किया है और अगर वे चाहें तो एक साल और बढ़ा सकते हैं। मेसी जल्द ही पीएसजी के लिए पहला मैच खेलते नजर आ सकते हैं। लीग 1 में इस रविवार को पीएसजी अपने घरेलू मैदान पर स्ट्रासबर्ग से खेल रहा है। मेस्सी ने एक बार फिर नेमार के साथ टीम बनाने के मौके के बारे में भी बताया। यह जोड़ी 2013 और 2017 के बीच बार्सिलोना के लिए एक साथ दिखाई दी थी। पीएसजी में इस जोड़ी के साथ फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे भी शामिल हैं, जिनका क्लब के साथ एक साल का अनुबंध शेष है। मेसी ने कहा, एमबाप्पे और नेमार के साथ खेलने के लिए मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं। नेमार और मैं एक दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम एक साथ और अपने सभी साथियों के साथ टीम को और मजबूत करेंगे।

चेल्सी ने पेनल्टी शूटआउट में जीता खिताब

यूईएफए सुपर कप: गोलकीपर केपा अरिजाबालागा ने पलटा पासा

नई दिल्ली । चेल्सी ने खिताबी मुकाबले में विलारीयाल को पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से हराकर यूईएफए सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लिया है। चेल्सी की जीत में सब्सीट्यूट खिलाड़ी के रूप में उतरे गोलकीपर केपा अरिजाबालागा का अहम योगदान रहा, जिन्होंने 2 पेनल्टी किक बचाई। चेल्सी के मैनेजर थॉमस टचेल ने अतिरिक्त समय का खेल खत्म होने से कुछ सेकेंड पहले केपा को मैदान पर उतारने का फैसला किया जो बिलकुल सही साबित हुआ। हाकिम जिच के 27वें मिनट के गोल को विलारियल के जेरार्ड मोरेनो ने 73वें मिनट में रद्द कर दिया, जिससे मैच को अतिरिक्त समय गया, लेकिन इसमें भी कोई गोल नहीं हो सका। अतिरिक्त समय के बाद भी दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया और चेल्सी बेलफास्ट के विंडसर पार्क में नेशनल फुटबॉल स्टेडियम में 6-5 से विजेता बनी।

बिजनेस

आरबीआई के नए नियम से एटीएम ऑपरेटर्स को दिक्कत

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक ने नया निर्देश निकाला है कि अगर एटीएम में महीने में 10 घंटे कैश आउट हुआ यानी एटीएम खाली हुआ तो हर बार बैंकों को 10000 रुपए जुर्माना देना होगा। आरबीआई के इस निर्देश पर मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

एटीएम ऑपरेटर्स और कैश इन ट्रांजिट कंपनियां यह कहते हुए अपने हाथ खड़े कर रही हैं कि वे जुर्माने का वहन नहीं करेंगे। एटीएम ऑपरेटर्स को उद्योग में मैनेज्ड सर्विस प्रोवाइडर्स या एमएसपी के रूप में जाना जाता है। इस सप्ताह बैंकों को एक सर्कुलर में आरबीआई ने कहा कि उन्हें एटीएम में नकदी की उपलब्धता की निगरानी करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कैश आउट न हो। सर्कुलर में कहा गया है कि अगर किसी एटीएम में महीने में 10 घंटे से ज्यादा वक्त तक कैश आउट होता है तो बैंकों पर 10000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। एक एमएसपी फर्म के सीनियर एग्जीक्यूटिव का कहना है कि कुछ ऐसे स्थान हैं जहां एटीएम में कैश, लोड होने के कुछ घंटों के अंदर ही खत्म हो जाता है। अगर हर महीने जुर्माना लगाया गया तो इन मशीनों को संचालित करना संभव नहीं हो सकता है। देश में 213766 एटीएम हैं। उनमें से अधिकतर एमएसपी द्वारा प्रबंधित किए जाते हैं जो मशीनों में करेंसी नोटों को फिर से भरने के लिए कैश इन ट्रांजिट कंपनियों को नियुक्त करते हैं।

अधिकांश काम आउटसोर्स करते हैं बैंक

एमएसपी के अनुसार, नियमों का मकसद अच्छा है क्योंकि वे अर्थव्यवस्था में नकदी की भूमिका को पहचानते हैं और नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बैंकों पर जिम्मेदारी डालते हैं। लेकिन जुर्माने के बारे में अच्छे से सोचा नहीं गया है क्योंकि बैंक अधिकांश काम आउटसोर्स करते हैं और नियमों को एमएसपी पर लागू होने वाला मानते हैं। भारत में सबसे बड़ी सिक्योरिटी और कैश इन ट्रांजिट कंपनी एसआईएस के समूह प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा कहते हैं, आरबीआई के इस सर्कुलर के पीछे की मंशा का स्वागत है। लेकिन अकेले पेनल्टी अप्रोच से एटीएम में करेंसी आउटेज के मुद्दे के हल होने की संभावना नहीं है। वास्तव में इस बात की काफी संभावना है कि यह जुर्माना बैंकों से एमएसपी तक और एमएसपी से कैश लॉजिस्टिक्स एजेंसियों तक पास होगा।

आरबीआई की मंजूरी से सरकारी लेनदेन संभालेगा आरबीएल बैंक

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने आरबीएल बैंक को केंद्र और राज्य सरकारों के बैंकिंग लेनदेन के लिए एक एजेंसी बैंक के रूप में कार्य करने की मान्यता दे दी है। आरबीएल बैंक को यह मान्यता दरअसल आरबीआई के नए दिशानिर्देशों के बाद मिली है। जिसमें उसने शेड्यूल्ड निजी क्षेत्र के बैंकों को एजेंसी बैंकों के रूप में सरकार से संबंधित व्यावसायिक लेनदेन करने के लिए अधिकृत कर दिया है। आरबीएल बैंक ने कहा कि आरबीआई द्वारा यह मान्यता मिलने से वह सरकारी विभागों और उद्यमों को सर्वश्रेष्ठ तकनीक आधारित मंच और डिजिटल उत्पादों की पेशकश करने का अवसर देगा। आरबीएल बैंक ने बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा केंद्र और राज्य सरकारों के लिए बैंकिंग लेन-देन के लिए एक एजेंसी बैंक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। केंद्रीय बैंक की मंजूरी मिलने के बाद आरबीएल बैंक अब सरकारी व्यवसाय से संबंधित लेनदेन की एक विस्तृत श्रृंखला को संभाल सकेगा।

क्रिप्टोकरंसी की सबसे बड़ी चोरी

नई दिल्ली। डिजिटल वर्ल्ड के चोरों यानी हैकर्स ने 60 करोड़ डॉलर लगभग 4545 करोड़ रुपए से ज्यादा की इथीरियम और दूसरी क्रिप्टोकरंसी चुरा ली है। ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी बेस्ड प्लेटफॉर्म पॉली नेटवर्क ने चोरी की जानकारी एक ट्वीट के जरिए दी। इस साल क्रिप्टोकरंसी में सेंधमारी की कई घटनाएं हुई हैं, लेकिन इतनी बड़ी चोरी पहली बार हुई है। यह डीफाई यानी डीसेंट्रलाइज्ड फाइनेंस की दुनिया में क्रिप्टोकरंसी की सबसे बड़ी चोरी है। पॉली नेटवर्क यूजर्स को क्रिप्टो टोकन के लेन-देन की सुविधा देने वाला प्लेटफॉर्म है। इसका कहना है करोड़ों डॉलर की क्रिप्टोकरंसी की इस चोरी में हजारों निवेशकों को नुकसान हुआ है।

नए शिखर पर बाजार

चौतरफा लिवाली से सेंसेक्स 318 अंक उछला

मुंबई । वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली के बल पर गुरुवार को शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 318.05 अंकों की बढ़त के साथ 55 हजार अंक की ओर बढ़ते हुये 58843.98 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का निफ्टी 82.15 अंक चढ़कर 16364.40 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में दिग्गज कंपनियों के साथ ही छोटी और मझौली कंपनियों में भी हुयी लिवाली से भी बाजार को बल मिला। बीएसई का मिडकैप 1.07 प्रतिशत उठकर 22954.94 अंक पर और स्मॉलकैप 1.97 प्रतिशत बढ़कर 26357.96 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3226 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2358 बढ़त में और 843 गिरावट में रही। 125 कंपनियां उतार चढ़ाव के बीच स्थिर रही। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सर्वाधिक छह प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ पावर ग्रिड का शेयर रहा।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 80757/निविदा सूचना क्र. 01/वलेलि/ई-प्रोक्युरमेंट/2021-22 दिनांक 10.08.2021

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 31.08.2021, 17.30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है-

कार्य का नाम - धमतरी जिले के विकासखण्ड धमतरी की डांगीमाचा सोलर सूक्ष्म सिंचाई योजना का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 408.78 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.08.2021 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग रूद्री
कोड नं. 38 (छ.ग.)
वास्ते मुख्य अभियंता
महा.परि. जल संसाधन विभाग, रायपुर

G-62803/5/21

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)
Mail ID :- eephvid@mp.nic.in, Fax No. : 07592-250663 Telphone No. : 07592-250663 VIDISHA 464001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/नि.प्र./खण्ड विदिशा/लोस्वायाँवि/2021-22/विदिशा दिनांक 09.08.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

विदिशा जिले के विकासखण्ड बासौदा के ग्राम महागौर में ''जल जीवन मिशन'' के अंतर्गत आरसी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण, सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.08.2021 को सायं 17.30 बजे तक क्रय डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है-

सं. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	विकास खंड	ग्रामों की संख्या	अनुमानित लागत (PAC) (रू. में)	धरोहर राशि (EMD) (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2021_PHED_154454_1	बासौदा	01	8646000.00	86460.00	10000.00	09 माह वर्षा ऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार

(एस.के. जैन)
सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड विदिशा (म.प्र.)

G-15612/21

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं

एमओएनआईएनडी लिमिटेड
(पूर्व में बतौर मोनेट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ज्ञात)
कार्पोरेट कार्यालय: मोनेट हाउस,11 मस्जिद मॉथ, ग्रेटर कैलाश पार्ट।।, नई दिल्ली-110048
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 216, सेक्टर-सी, उर्ला इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स, रायपुर (छत्तीसगढ)-493221
दूरभाष नं.: 011-29218542-46, फैक्स : 011-29218541 ई-मेल: isc_mind@monnetgroup.com
वेबसाइट: www.monnetgroup.com सीआईएन: L51103CT1982PLC009717

30 जून, 2021 को समाप्त हुई तिमाही के लिए स्टैंडएलाने गैर अंकेक्षित वित्तिय परिणाम का लेखा जोखा (रू. लाख में प्रति शेयर डाटा के अतिरिक्त)

स. क्रं.	तथ्य	समाप्त तिमाही 30.06.2021 गैर अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2021 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2020 गैर अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित
1.	संचालन से कुल आय (सकल)	-	-	-	-
2.	समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, कर के पूर्व)	(46.33)	(42.50)	(41.22)	(171.39)
3.	समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि कर के पूर्व) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, के पश्चात)	(46.33)	(42.50)	(41.22)	(171.39)
4.	कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण एवं या/विशेष सामग्री	(46.33)	(42.50)	(41.22)	(171.39)
5.	समयावधि के लिए कुल व्यापक आय [(कर के पश्चात) समयावधि के लिए व्यापक लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आयक (कर के पश्चात)]	(46.33)	(42.50)	(41.22)	(171.39)
6.	इक्विटी शेअर पूंजी	368.13	368.13	368.13	368.13
7.	रिजर्स (पुर्नमूल्यांकित रिजर्स को हटाकर) जैसा कि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाया गया है	-	-	-	(14,250.02)
8.	प्रति शेअर आय (रू.10/- प्रत्येक)(संचालन को निरंतर करने एवं बंद करने के लिए)				
	आधार :	(1.26)	(1.15)	(1.12)	(4.66)
	मिश्रित :	(1.26)	(1.15)	(1.12)	(4.66)

विशेष:
1) उपरोक्त गैर अंकेक्षित वितीय परिणाम 12 अगस्त, 2021 को आयोजित मीटिंग में ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षित एवं इसके पश्चात् 12 अगस्त, 2021 को कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत किये गये हैं।
2) सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 के रेगुलेशन 33 के तहत 30 जून 2021 को समाप्त तिमाही के परिणामों की सीमित समीक्षा कंपनी के सांविधिक ऑडिटर द्वारा पूरी कर ली गई है।
3) 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही के आंकड़े को समाप्त अवधि के लिए 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित आंकड़ों से 31 दिसंबर 2020 से वर्ष-दर-वर्ष के आंकड़ों को घटाकर निकाले गए हैं।

एमओएनआईएनडी लिमिटेड के लिए
(पूर्व में बतौर मोनेट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ज्ञात)
(महेश कुमार शर्मा)
डीआईएन: 07504637
पूर्ण-कालिक निदेशक एवं सीएफओ

स्थान:-नई दिल्ली
दिनांक :- 12.08.2021

एमपीडीएल लिमिटेड
(पूर्व में मोनेट प्रोजेक्ट डेवलपर्स लिमिटेड)
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 216, सेक्टर-सी, उर्ला इंडस्ट्रियल कॉम्पलेक्स, रायपुर (छत्तीसगढ़)-493221
दूरभाष नं. 011-29218542-46, फैक्स :011-29218541, ईमेल -isc_mpdl@monnetgroup.com
वेबसाइट www.monnetgroup.com सीआईएन: एल70102सीटी2002पीएलसी015040

30 जून, 2021 को समाप्त हुई तिमाही के लिए स्टेंडअलोन एवं समेकित अंकेक्षित वित्तिय परिणाम का लेखा जोखा

₹ प्रति शेयर डाटा के लिये अतिरिक्त (रू. लाख में)

Sl. No.	Particulars	स्टेंडअलोन समाप्त तिमाही 30.06.2021 गैर-अंकेक्षित	31.03.2021 अंकेक्षित	30.06.2020 गैर-अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित	समेकित समाप्त तिमाही 30.06.2021 गैर-अंकेक्षित	31.03.2021 अंकेक्षित	30.06.2020 गैर-अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित
1.	संचालन से कुल आय (सकल)	334.76	150.20	13.35	308.21	334.76	150.20	13.35	308.21
2.	समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, कर के पूर्व)	0.70	52.56	65.05	(30.60)	0.70	52.56	65.05	(30.60)
3.	समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि कर के पूर्व) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, के पश्चात)	0.70	52.56	65.05	(30.60)	0.70	52.56	65.05	(30.60)
4.	कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण एवं या/विशेष सामग्री	0.70	52.56	65.05	(30.60)	(2.94)	36.32	44.19	(103.19)
5.	समयावधि के लिए कुल व्यापक आय [(कर के पश्चात) समयावधि एवं के लिए व्यापक लाभ/(हानि) अन्य व्यापक आयक (कर के पश्चात)]	0.70	52.56	65.05	(30.60)	(2.94)	36.32	44.19	(103.19)
6	रिजर्स (पुर्नमूल्यांकित रिजर्स को हटाकर) जैसा कि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाया गया है				4,588.68				4,684.74
7.	इक्विटी शेअर पूंजी (प्रत्येक की फेस वैल्यू रू. 10/-)	741.25	741.25	741.25	741.25	741.25	741.25	741.25	741.25
8.	प्रति शेअर आय (रू.10/- प्रत्येक)(संचालन को निरंतर करने एवं बंद करने के लिए)								
	(ए) आधार :	0.01	0.71	0.88	(0.41)	(0.04)	(0.49)	(0.60)	(1.39)
	(बी) मिश्रित :	0.01	0.71	0.88	(0.41)	(0.04)	(0.49)	(0.60)	(1.39)

विशेष:
1) उपरोक्त वितीय विवरणों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा 12 अगस्त, 2021 को हुई कंपनी मीटिंग में की गई है और फिर 12 अगस्त 2021 को हुई कंपनी मीटिंग में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई है। 30.06.2021 को समाप्त तिमाही के वितीय परिणाम अंकेक्षकों के सीमित पुनर्निरीक्षण के विषयाधीन है।
2) 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के आंकड़े 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के अंकेक्षित आंकड़ों से 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त अवधि के लिए वर्ष-दर-वर्ष के आंकड़ों को घटाकर प्राप्त किए गए हैं।
3) कंपनी द्वारा अनुकूलित तरीके से व्यवसाय संचालन की निरंतरता के लिए त्वरित कार्रवाई करने के लिए कोविड -19 स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।
4) कंपनी ने आयकर घाटे को अवशोषित नहीं किया है इसलिए तिमाही-1 में दर्शाई गई आय पर आयकर के प्रावधान की आवश्यकता नहीं है।
5) पिछली अवधि/वर्ष के आँकड़ों को तुलनीय बनाने के लिए, जहाँ आवश्यक हो, पुनसमूहित/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

एमपीडीएल के लिए
(पूर्व में मोनेट प्रोजेक्ट डेवलपर्स लिमिटेड)
ब्रह्म दत्त भारद्वाज
(डीआईएन: 01779434)
(पूर्ण कालिक निदेशक)

स्थान:-नई दिल्ली
दिनांक :- 12 अगस्त, 2021